हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 सितंबर 2025

11 पैकेजिंग एंड डिस्पोजल एसो. ने बंद किए प्रतिष्ठान...


12 सन्नी हत्याकांड मामले में ग्रामीणों ने लगाया धरना...


## खबर संक्षेप

### नशा तस्करी के मामले में युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना सदर टोहाना पुलिस ने नशीले पदार्थों से संबंधित एक मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरमीत सिंह पुत्र बग्गा सिंह, निवासी गांव नन्हेड़ी, टोहाना के रूप में हुई है।

### ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल दो दिन और खुला

**सिरसा।** भारी बरसात तथा जलभराव के प्रभाव और प्राप्त अनुशंसा के आधार पर सरकार द्वारा जिले में खरीफ फसलों को हुए नुकसान का विवरण दर्ज कराने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। जिला के सभी गांवों के किसान अब 17 सितंबर तक फसलों को हुए नुकसान का ब्यौरा दर्ज करवा सकते हैं। उपायुक्त शान्तनु शर्मा ने बताया कि यह पोर्टल पहले 15 सितंबर तक खुला था, लेकिन अब इसकी समय-सीमा बढ़ाकर 17 सितंबर कर दी गई है।

### जाखल मंडी में दो मोबाइल शॉप से चोरी

**जाखल।** जाखल मंडी में अग्रसेन चौक पर रविवार रात चोरों ने दो मोबाइल दुकानों को निशाना बनाया। चोर दुकानों के ताले तोडक़र दर्जनभर मोबाइल चोरी करके ले गए। चोरी की वारदात से बाजार के दुकानदारों में रोष है। मिली जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकान का ताला तोडक़र वीओ मोबाइल फोन शॉप से 13 मोबाइल फोन चोरी हो गए। हैप्पी की दुकान से नकदी गायब हो गई। तीसरी दुकान में मजबूत ताले के कारण चोर सफल नहीं हो पाए। हालांकि, चोरों ने वहां भी चोरी का प्रयास किया।

## फतेहाबाद के किसानों के लिए बरसात बनी आफत

# 1.36 लाख एकड़ में फसल तबाह 22,518 किसानों ने मांगा मुआवजा





**फतेहाबाद।** पानी में डूबी फसल दिखाता किसान, भारी बरसात से गांव चिंदड़ में डूबी फसल व प्रदर्शन के बाद डीसी को मांग पत्र सौंपते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

**ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर किसानों ने कराया पंजीकरण**

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

इस बार मानसून के अंतिम चरण में आई बरसात और ड्रेन टूटने से करीब एक लाख 36 हजार 511 एकड़ में नरमा, ज्वार व धान की फसल नष्ट हो चुकी है। खराब हुई फसलें के दावे के लिए सरकार द्वारा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया। पोर्टल पर सोमवार शाम तक 234 गांवों के 22518 किसानों ने 1 लाख 36 हजार 511 एकड़ में फसल नुकसान का पंजीकरण करवाया है। राजस्व विभाग के पटवारियों ने इसका वेरिफिकेशन का काम शुरू कर दिया है। पटवारियों ने सोमवार को 4 हजार एकड़ भूमि में वेरिफिकेशन कर ली है। इसके बाद कानूनगो, तहसीलदार, एसडीएम के बाद अंतिम वेरिफिकेशन डीसी करेंगे जिसके बाद फाइनल रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी।

रिपोर्ट मिलने के बाद ही सरकार प्रभावित किसानों को मुआवजा जारी करेगी। किसानों को उम्मीद है कि जल्द वेरिफिकेशन का काम पूरा होगा और उनके नुकसान की भरपाई हो पाएगी। जिले में खरीफ की फसल के लिए 98651 किसानों ने 4 लाख 77 हजार 246 एकड़ के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाया है। इनमें 49116 किसानों ने 3 लाख 21 हजार 941 एकड़ में नॉन बासमती की फसल का पंजीकरण करवाया है जबकि 8445 किसानों ने 37 हजार 393 एकड़ भूमि में बासमती धान का पंजीकरण करवाया है। भारी बारिश और जलभराव से जिले में सबसे अधिक नुकसान भुना, भट्टू और बिश्नोई बेल्ट के गांव चिंदड़, बड़ोपल, कुम्हारिया, खाराखेड़ी, दहमन, नहला आदि गांवों के किसानों को अधिक बारिश आने की वजह से हुआ है। हालांकि किसानों का कहना है कि जिले के कई हिस्सों में भारी बरसात से भी नुकसान हुआ है। भट्टू से गुजर रही हिसार घग्गर ड्रेन सेम नाले मे एक साथ ज्यादा मात्रा में पानी आने से के कारण रामसरा, जांडवाला व दैयड़ आदि गांवों में हजारों एकड़ में नरमा की फसल नष्ट हो गई है। जिसके कारण 50 से अधिक गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। यह जलभराव बाढ़ के रूप में किसानों को नुकसान कर गया। यहां पर दो लोगों की जान भी गई। हालांकि अब धूप निकली है तो नरमे की फसल में ओर नुकसान की आशंका जताई जा रहा है।

### खंड अनुसार खराबा

| खंड | गांव | किसान | फसल (एकड़) |
|---|---|---|---|
| भट्टूकलां | 18 | 4541 | 24984 |
| भूना | 18 | 6609 | 39965 |
| फतेहाबाद | 54 | 5736 | 30521 |
| जाखल | 20 | 283 | 1638 |
| कुलां | 25 | 1216 | 8242 |
| रतिया | 58 | 883 | 5496 |
| टोहाना | 41 | 3698 | 25809 |
| कुल | 234 | 22554 | 136693 |

### भूना में पानी उतरा तो खराबे का दृश्य आया सामने

*भूना शहर के आसपास व गांव सांचला, ढाणी गोपाल, दहमन, टिब्बी, डूल्ट, धारसूल, बुआन, बोस्ती व आसपास की करीब 20 ढाणियों में 12 दिन बाद अब पानी उतरने लगा है। इसके बाद अब फसलों के खराबा का दृश्य सामने आ रहा है, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरने का डर सता रहा है। बता दें कि भूना में इस बार जिले में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। भूना में एक सप्ताह में 650 से ज्यादा पानी बरसा है। यहां पर जोहड़ की जगह पर कब्जा होने से पानी शहर में आ गया। जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते पानी की निकासी नहीं हो सकी, जिस कारण यहां ज्यादा नुकसान माना जा रहा है।*

### कैसे होता है वेरिफिकेशन का काम

कोई भी आपदा आती है तो सरकार ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलती है। इस पर किसान अपनी फसल खराब होने बारे जमीन का विवरण डालता है। उसके बाद पोर्टल बंद होता है जो राजस्व विभाग इसकी वेरिफिकेशन शुरू करता है ताकि किसानों को खराबे के प्रतिशत के हिसाब से मुआवजा दिया जा सके। सबसे पहले पटवारी किसान के साथ पूरे खराबे की रिपोर्ट तैयार करता है। उसके बाद यहां पर कानूनगो जाकर अपनी जांच करता है। कानूनगो के बाद तहसीलदार वेरिफिकेशन करता है। तहसीलदार की रिपोर्ट का 50 फीसदी आंकलन एसडीएम द्वारा किया जाता है। एसडीएम की रिपोर्ट का कुछ फीसदी डीसी वेरिफिकेशन करता है। इसके बाद फाइनल रिपोर्ट तैयार होती है और यह रिपोर्ट सरकार को भेजी जाती है। इसके बाद ही सरकार मुआवजा जारी करती है।



**फतेहाबाद।** मांगों को लेकर डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करते किसान।

## किसानों ने डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

# खराब फसलों पर 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजे की मांग

- दर्जनों गांवों के पीड़ित किसानों ने डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जलभराव से हुए नुकसान की भरपाई व अन्य मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर सोमवार को जिला के सैंकड़ों किसानों ने डीसी कार्यालय पर जबरदस्त रोष प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णुदत्त व संचालन राजेंद्र बाटू ने किया। पहले डीसी कार्यालय के सामने अनेक गांवों से पीड़ित किसान इकट्ठा हुए। इस मौके पर गांव भीमेवाला, बुआन, गोरखपुर, भूथन, कुम्हारिया, बड़ोपल, खाराखेडी, चिंदड़, ढ़ाबी कलां, ढ़ाबी खुर्द, खाबड़ा कलां, जांडवाला बागड़, रामसरा, पीलीमंदौरी सहित अनेक गांवों से पीड़ित किसान पहंचे तथा अपना दर्द ब्यां किया। उपायुक्त द्वारा नीचे आकर किसानों से ज्ञापन लिया व समस्याएं सुनी। इस मौके किसान सभा भट्टू तहसील प्रधान सुभाष जांडवाला, सचिव हनुमान सिंह ढ़ाबी कलां, फतेहाबाद तहसील प्रधान पतराम ढ़ाणी ईशर आदि मौजूद रहे।

### प्रमुख मांगे

ज्ञापन के माध्यम मांग की गई कि खेतों में भरा पानी पंपसैट लगाकर तुरंत निकाला जाए। जल निकासी के लिए लगाए गए खराब घटिया क्वालिटी के पंपसैटों की जांच करके लगाने वाले भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। जल निकासी का सुचारू प्रबंध किया जाए। मच्छरों से बचाव के लिए जिला में मच्छर मार दवाई का छिडक़ाव किया जाए। बीमारियों से बचाव के लिए पीने के साफ पानी व दवाओं का प्रबंध किया जाए। डाक्टरों की टीमें गांव मौहलों में तैनात की जाएं। किसानों को नष्ट हुई फसलों का मुआवजा 50 हजार प्रति एकड़ तुरंत दिया जाए। हरियाणा सरकार ने 15 हजार प्रति एकड़ मुआवजा देने की घोषणा की है जो की ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। बीमित किसानों को क्लेम दिया जाए व शर्तें हटाई जाएं। वर्ष 2021, 22, 23, 24 के बकाया क्लेम का भुगतान तुरंत किया जाए। स्पेशल गिरदावरी एक किसान एक एकड़ को यूनिट मानकर की जाए न कि पूरे गांव को इकाई मानकर और यह गिरदावरी गांव में ही ग्राम पंचायत और नंबरदार की उपस्थिति में खेत का मुआयना हो और फसल खराबा कितना हुआ 50 प्रतिशत, 75 प्रतिशत या 100 प्रतिशत यह मौके पर ही दर्ज हो और उसकी एक सर्टिफाइड कॉपी किसान को मौके पर ही मिले।






सर्वेश हेल्थ सिटी
कारुण्येन सह विरोपय
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH
CERTIFIED

क्षेत्र का सबसे आधुनिक अस्पताल अब हरियाणा सरकार के पैनल पर

एकमात्र अस्पताल जहाँ एक ही छत के नीचे

दिल की बाईपास सर्जरी (650+ सफल ऑपरेशन)
किडनी ट्रांसप्लांट (20 सफल ऑपरेशन)
न्यूरो एंड स्पाइन सर्जरी (न्यूरो नेविगेशन के साथ)
रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट (1000+ सफल ऑपरेशन)
PET /CT स्कैन
3 टेस्ला MRI
क्रिटिकल केयर एवं ECMO

› न्यूरोसर्जरी › कार्डियोलॉजी › कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी › नेफ्रोलॉजी › यूरोलॉजी
› गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी › पल्मोनोलॉजी एवं क्रिटिकल केयर › एंडोक्रिनोलॉजी एवं डायबिटोलॉजी › इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी › प्रसूति एवं स्त्री रोग › सर्जिकल ऑन्कोलॉजी › मेडिकल ऑन्कोलॉजी › रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
प्लास्टिक सर्जरी › आंतरिक चिकित्सा › बाल रोग एवं नवजात शिशु चिकित्सा
› सामान्य एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी › त्वचा रोग विभाग › रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग केंद्र
› दंत चिकित्सा एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी › कान, नाक एवं गला रोग (ई.एन.टी.) › नेत्र रोग विभाग



डॉ. उमेश कालरा
MBBS, MS, M.Ch.
Neuro & Spine Surgery
मस्तिष्क व रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ



डॉ. सरिता कालरा
MBBS, MD
Obstetrics & Gynaecology
स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञा

क्षेत्र के वरिष्ठ न्यूरोसर्जन- डॉ. उमेश कालरा
व स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा- डॉ. सरिता कालरा
अपनी समस्त टीम के साथ केवल 'सर्वेश हेल्थ सिटी, हिसार' में

सेक्टर-14, सिविल अस्पताल के सामने, हिसार-125001
/SarveshHealthCity | +91 6901 626262
www.sarveshhealthcity.com



# वर्चुअल रियलिटी थेरेपी रिश्तों में नई सोच की राह

आज अधिकांश कपल्स वर्किंग हैं, बिजी रहते हैं, एक दूसरे को समय नहीं दे पाते, एक कम्युनिकेशन गैप रहता है। इस कारण मैरीड लाइफ में बहुत सी ऐसी बातें पैदा होती हैं, जो तनाव लाकर दूरियां बढ़ाती हैं। ऐसे में वर्चुअल रियलिटी थेरेपी मधुर दांपत्य जीवन की राह बनाती है।



कवर स्टोरी

डॉ. शिवांगी रावत
साइकोलॉजिस्ट, मेंटल हेल्थ एंड रिलेशनशिप थेरेपिस्ट, सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

पति-पत्नी का रिश्ता केवल साथ रहने भर का ही नहीं, भावनात्मक जुड़ाव और आपसी समझ का भी प्रतीक है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी और बढ़ती व्यस्तताओं में यह जुड़ाव कई बार कमजोर पड़ जाता है। छोटी-छोटी गलतफहमियां, संवाद की कमी या अहंकार रिश्ते में दूरियां ले आते हैं। ऐसे में रिश्ते को फिर से जोड़ने और पुरानी मधुर यादों को ताजा करने के लिए कपल्स को कई बार रिलेशनशिप एक्सपर्ट या साइकोलॉजिस्ट से सलाह की जरूरत पड़ती है, जो विभिन्न थेरेपी के माध्यमों से दोनों के गिले-शिकवे दूर कर सामंजस्य बैठाने की कोशिश करते हैं, कपल्स इसके बाद बेहतर जिंदगी गुजार पाते हैं। इन्हीं में से एक थेरेपी है- वीआरटी मतलब वर्चुअल रियलिटी थेरेपी।

## क्या है वीआरटी

यह थेरेपी वैवाहिक जीवन को अधिक प्रभावी और इंटरैक्टिव बनाने का अवसर प्रदान करती है। इसमें तकनीक और मनोविज्ञान को जोड़कर पति-पत्नी को एक नियंत्रित और सुरक्षित वर्चुअल वातावरण उपलब्ध कराया जाता है। दोनों साथी न केवल अपने दृष्टिकोण और भावनाओं को नए सिरे से पुनर्जीवित करते हैं, वास्तविक जीवन की जटिल परिस्थितियों का सजीव अनुभव लेकर, व्यवहार में भी सकारात्मक बदलाव लाते हैं। वीआरटी, एक नई प्रकार की थेरेपी है, जिसमें प्रभावित कपल को कंप्यूटर जनरेटेड वर्चुअल एनवॉयर्नमेंट के माध्यम से थेरेपी सेशन दिए जाते हैं। इन सेशंस के दौरान निजी और सुरक्षित वातावरण में उनके आपसी संबंधों पर कार्य किया जाता है।

## थेरेपी का तरीका

इस थेरेपी में प्रभावित पति-पत्नी को एक वीआर हेडसेट पहनाया जाता है। जिसके जरिए थेरेपिस्ट उन्हें उनकी समस्या से जुड़े एक रियलिस्टिक वर्चुअल वर्ल्ड में ले जाता है। उनकी प्रॉब्लम के हिसाब से वर्चुअल सीन बनाए जाते हैं, जैसे कम्युनिकेशन प्रैक्टिस, ट्रस्ट-बिल्डिंग टास्क, कॉनफ्लिक्ट सिचुएशन, रिलैक्सेशन एनवॉयर्नमेंट या बॉन्डिंग एक्टिविटीज। थेरेप्यूटिक इंटरैक्शन के जरिए दोनों पार्टनर को उन सींस में एक साथ मिल कर पार्टिसिपेट करवाया जाता है। थेरेपिस्ट दोनों पार्टनर से उनकी समस्या और अपेक्षाओं के बारे में बात करता है। रिलेशनशिप की समस्याएं, इमोशनल पैटर्न और व्यक्तिगत मानसिक असामान्यता की स्थिति (जैसे-एंग्जाइटी, डिप्रेशन आदि) का आकलन किया जाता है। थेरेपिस्ट उनके रिएक्शन और इंटरैक्शन को मॉनिटर करता है। जरूरत पड़ने पर उन्हें इमोशनल रिस्पॉन्स और कम्युनिकेशन सुधारने के बारे में समझाता है। इस सेशन के बाद साइकोथेरेपिस्ट, थेरेपी के दौरान किए गए व्यावहारिक बदलावों को उन्हें असल जिंदगी में अपनाने की सलाह देता है।

## किन स्थितियों में है उपयोगी

पति-पत्नी के बार-बार के झगड़ों या टकराव के बाद संवाद की कमी हो या इमोशनल डिस्टेंस बढ़ा हो और पुराने झगड़े के कारण बॉन्डिंग कमजोर हो गई हो या फिर जब पार्टनर सीधे बातचीत के लिए तैयार न हों, पर रिश्ते को बचाना चाहते हों। ऐसी कंडीशंस में वीआरटी की जरूरत पड़ती है।

### केवल तकनीकी अनुभव नहीं

वर्चुअल रियलिटी थेरेपी, कपल्स के लिए केवल एक तकनीकी अनुभव नहीं रहता, बल्कि एक साझा भावनात्मक यात्रा बनती है। कपल अपने ट्रॉमैटिक या इमोशनल एक्सपीरियंस को सिम्युलेट (पुनः अनुभव) करते हैं, थेरेपिस्ट की मदद से उनका समाधान ढूंढते हैं। थेरेपिस्ट की मदद से



संवाद, समझ और तनाव प्रबंधन के कौशल सीखते हैं। उन्हें न केवल एक-दूसरे के दृष्टिकोण को बेहतर समझने में मदद मिलती है, वे वास्तविक जीवन की समस्याओं को आपसी सामंजस्य से सुलझाना भी सीखते हैं। उनके बीच आपसी विश्वास और समझ मजबूत होती है।

## रिसर्च के नतीजे हैं पॉजिटिव

अध्ययनों से भी साबित हो गया है कि वीआरटी न सिर्फ व्यक्ति के भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं के समाधान में मददगार है, पति-पत्नी के रिश्ते को मजबूती प्रदान करने में भी कारगर है। भारत में मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु जैसे शहरी मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी कपल्स काउंसलिंग में वीआरटी का प्रयोग हो रहा है। इसका फीडबैक काफी पॉजिटिव रहा है। यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना में की गई एक स्टडी में पाया गया कि जिन कपल्स ने छह सप्ताह के संयुक्त वीआरटी थेरेपी सेशन लिए, उनकी आपसी समझ, भावनात्मक-वैचारिक तालमेल, कम्युनिकेशन लेवल और सामंजस्य में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। साइकोलॉजी एंड काउंसलिंग रिसर्च, जापान में कपल्स पर वीआरटी के उपयोग से पति-पत्नी में ऑक्सीटोसिन बॉन्डिंग हार्मोन के लेवल में वृद्धि हुई। जिससे उनमें एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति और क्षमा करने की क्षमता में सुधार देखा गया। उनमें भावनात्मक जुड़ाव यानी बॉन्डिंग मजबूत हुई। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कपल थ्योरी में ब्राउन एंड हार्टले का मानना है कि जिन कपल्स ने तीन महीने तक वीआरटी प्रैक्टिस सेशन लिए, उनमें काफी पॉजिटिव बदलाव दिखे। इससे उनमें बार-बार होने वाली नोक-झोंक में कमी आई। वे पहले से ज्यादा शांत हो गए, इनमें एक-दूसरे को सुनने-समझने की क्षमता का विकास हुआ।

## क्या हैं फायदे

वर्चुअल रियलिटी थेरेपी के बहुत से ऐसे फायदे हैं, जो दांपत्य संबंधों को मधुर और मजबूत बनाने में सहायक रहते हैं। इस थेरेपी के क्या फायदे हैं, जानिए-

**बॉन्डिंग होती है मजबूत:** वर्चुअल रियलिटी थेरेपी से तमाम कश-म-कश के बावजूद पति-पत्नी को एक-साथ समय बिताने का मौका मिलता है। उनमें समझ और भावनात्मक जुड़ाव गहरा होता है। यह उनकी आपसी प्रतिबद्धता, विश्वास और समस्या हल करने की क्षमता को बढ़ाता है, जिससे उनकी बॉन्डिंग मजबूत होती है।

**सिक्योर एक्सपोजर:** पति-पत्नी अपनी इमोशनल या ट्रॉमैटिक यादों का सामना बिना किसी डर या खतरे के करते हैं।

**सामंजस्यपूर्ण भागीदारी बढ़ना:** वीआरटी का वर्चुअल एंवॉयर्नमेंट पति-पत्नी को असल जिंदगी में एक-दूसरे के साथ सामंजस्य स्थापित करना सिखाता है। गुस्से या दुख में तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय, ठहरना सीखने में मदद कर रिलेशनशिप में स्थायित्व और भावनात्मक स्थिरता लाता है।

**बेहतर कम्युनिकेशन:** कपल को अपनी फीलिंग्स बिना किसी जजमेंट के व्यक्त करने का अवसर मिलता है। उनका मनमुटाव खत्म होता है।

**स्ट्रेस कम होना:** न्यूरोसाइंस के मुताबिक वीआरटी के रिलैक्सेशन मॉड्यूल से दोनों पार्टनर के शरीर में हैप्पी हार्मोन ऑक्सीटोसिन, डोपामाइन का स्राव बढ़ जाता है, जिससे उनका तनाव और एंग्जायटी कम होती है। ❁

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

# तनाव कम करने में मदद करती हैं यात्राएं

अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच कभी-कभी यात्रा के लिए निकलना बहुत जरूरी है। इससे हमें एक ताजगी मिलती है, हम नई ऊर्जा से भरते हैं, मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। साथ ही हम जगह-जगह की संस्कृति से परिचित भी होते हैं।

जीवनशैली

बुशरा फातमा



अगर रोजमर्रा के जीवन में कोई एक बात आज आम हो गई है तो वो है लोगों में स्ट्रेस यानी तनाव। काम-काज का बढ़ता दबाव, घरेलू जिम्मेदारियां, कॉम्पिटिशन और बढ़ते डिजिटल दुनिया का प्रभाव मानसिक रूप से हम सबको खूब थका रहा है। इसलिए इन सब के बीच में छोटी-सी यात्रा, सैर-सपाटा मन को शांत और प्रफुल्लित करता है, थकान मिटाकर नई ऊर्जा से भरता है। हेल्थ और फिटनेस के लिए वर्ल्ड इंफ्लुएंसर्स एंड ब्लॉगर अवार्ड से सम्मानित प्रमीला ओल्सन यात्राओं को एक दवा की तरह मानती हैं, जो जिंदगी जीने को आसान बनाती है।

**स्वयं के साथ समय बिताने का अवसर:** जो लाइफस्टाइल हम आज फॉलो कर रहे हैं, वो कहीं न कहीं हमें खुद से भी दूर ले जाती है। यात्राएं हमें खुद के करीब लाती हैं। यात्राओं के दौरान हमें आत्ममंथन करने का अवसर मिलता है, जो बहुत जरूरी है। जब भी जीवन का शोर-शराबा मन को अशांत करने लगे, तनाव को जन्म दे तो किसी यात्रा पर निकल जाएं। बेशक फैमिली के संग या सोलो ट्रैवल कीजिए, लेकिन एक छोटी-सी ट्रिप आपके तनाव को कम करने में बहुत मददगार साबित होगी।

**प्रकृति के करीब मिलती है शांतिः** सच कहा जाए तो नेचर, स्वास्थ्य का सबसे बड़ा साथी है। आप अपने ट्रैवल के लिए ऐसी जगहों का चुनाव करें, जो प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर हों। याद रखें नदी, पहाड़ या समंदर इंसान को हील करने का काम करते हैं। अगर आप किसी मेंटल ट्रॉमा से भी गुजर रही हैं तो प्रकृति इससे उबारती है। इसलिए जब भी तनाव आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करने लगे, तो छोटे ही सही कम से कम एक ट्रिप जरूर प्लान कीजिए, यह बहुत अच्छा ऑप्शन है।

**रिश्तों में नजदीकियां बढ़ाती हैं यात्राएं:** हम सब अपनी-अपनी जिंदगी में इतने मसरूफ हो जाते हैं कि एक घर में रहते हुए भी साथ समय नहीं बिता पाते। छोटे-छोटे ट्रिप, पारिवारिक संबंधों के लिए भी अच्छे हैं। साथ बिताया हुआ समय यादगार साबित होता है। ये समय रिश्तों को भी नई ताजगी से भरता है। इसलिए साल में कम से कम एक बार परिवार के साथ कहीं घूमने जरूर जाएं। यात्राएं जगह-जगह की संस्कृति से रूबरू कराती हैं। जब भी हम कहीं घूमने जाते हैं तो उस जगह की संस्कृति, खाना-पीना हमारी सोच को भी नया आयाम देती है। नई चीजें, बातें हमेशा हमें सकारात्मकता की तरफ ले जाती हैं। यात्राएं जीवन के बहुत से ऐसे पहलुओं से हमें रूबरू करवाती हैं, जिनसे हम अनभिज्ञ होते हैं। जीवन को शांत और मेंटल हेल्थ को अच्छा बनाने का सबसे अच्छा और सुगम तरीका है यात्राएं। ❁



### हैप्पी हॉर्मोन बढ़ाती हैं यात्राएं

अगर आप साल में एक-दो छोटे ट्रिप भी करती हैं तो यह संभव है कि आप तनाव को अच्छे तरीके से संभाल लेंगी। भागती हुई जिंदगी में तनाव स्वाभाविक है, लेकिन इसे मैनेज करने का तरीका आना चाहिए। यात्राएं हमारे हैप्पी हॉर्मोन को बढ़ाती हैं, स्ट्रेस कम करने में मदद करती हैं। बेशक दूसरे खर्चे थोड़े कम हो जाएं, लेकिन अपनी मेंटल हेल्थ सही रखने के लिए ट्रैवलिंग के लिए थोड़ी सेविंग जरूर करें।

सभी अभिभावक चाहते हैं, उनके बच्चे का भावनात्मक और बौद्धिक विकास बहुत अच्छा हो। इसके लिए वे अपनी तरफ से कई तरीके अपनाते हैं। लेकिन अगर इसके लिए वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित उपायों को अपनाया जाए तो बच्चों का बौद्धिक-भावनात्मक विकास बहुत अच्छा होता है।

# जब अपनाएंगे वैज्ञानिक उपाय तब होगा बच्चों का भावनात्मक-बौद्धिक विकास

परवरिश

शिखर चंद जैन



माता-पिता द्वारा बच्चों के मस्तिष्क के विकास को समझना और उन्हें शुरू से ही सही पालन-पोषण देना जरूरी है ताकि बच्चों का सही भावनात्मक और बौद्धिक विकास हो सके।

**समझें मस्तिष्क को:** बच्चों का मस्तिष्क विकासशील होता है और माता-पिता इसे समझकर बच्चों को भावनात्मक रूप से संतुलित, लचीला और सामाजिक रूप से सक्षम बनाने में मदद कर सकते हैं। मस्तिष्क के दो हिस्से होते हैं- बायां और दायां मस्तिष्क। बायां हिस्सा तर्क, विश्लेषण और भाषा के लिए जिम्मेदार होता है, जबकि दायां हिस्सा भावनाओं और रचनात्मकता से जुड़ा होता है। इसी तरह इसके दो और भाग होते हैं, ऊपरी और निचला मस्तिष्क। ऊपरी हिस्सा निर्णय लेने, आत्म-नियंत्रण और योजना के लिए जिम्मेदार है, जबकि निचला हिस्सा प्राथमिक भावनाओं, प्रतिक्रियाओं (जैसे गुस्सा, डर) को नियंत्रित करता है।

**बच्चे की स्मृति और भावनाएं:** बचपन के अनुभव और स्मृतियां ही आगे चलकर बच्चों के व्यवहार को आकार देती हैं। इसके लिए माता-पिता को शुरू से ही उन्हें एक सकारात्मक, स्नेहिल और मेल-जोल वाले पारिवारिक-सामाजिक माहौल में रखना चाहिए। जिससे बच्चा संतुलित और स्वस्थ तरीके से सोच सके और वैसा व्यवहार करे।

**परिवार का माहौल हंसी-खुशी वाला रखें:** अभिभावक सुनिश्चित करें कि परिवार के सभी सदस्य मतलब भाई-बहन, चाचा-चाची, दादा-दादी, बच्चे के साथ हंसाने, खुश रखने और उसे सक्रिय रखने वाली गतिविधियों में शामिल हों। जैसे उसके साथ इंडोर या आउटडोर गेम्स खेलना या हंसना। ये एक्टिविटीज ब्रेन में सकारात्मक रसायनों को बढ़ाती हैं। यह सब बच्चों में तनाव तो कम करता ही है, परिवार के जुड़ाव को मजबूत भी करता है।

### ब्रेन को एक्टिव रखें

बच्चे के बौद्धिक विकास के लिए उन्हें मानसिक व्यायाम जैसे कि खेल, कहानी सुनना या रचनात्मक गतिविधियां कराएं, जो मस्तिष्क के



विभिन्न हिस्सों को सक्रिय रखे। यह मस्तिष्क के विकास को बढ़ावा देता है, न्यूरल कनेक्शनों को मजबूत करता है। शारीरिक गतिविधियां जैसे नाचना या दौड़ना बच्चों को तनाव से उबरने में मदद करती हैं।

**भावनाओं की अभिव्यक्ति सिखाएं:** बच्चों को उनकी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त करना सिखाएं। उदाहरण के लिए खिलौना टूटने पर जब वह चिड़चिड़ा हो जाए और चीजों को फेंकने लगे तो उसे समझाएं, 'तुम्हें गुस्सा आ रहा है, क्योंकि तुम्हारा खिलौना टूट गया। कोई बात नहीं, यह नया आ जाएगा।' इससे उसकी भावनाएं कम आहत होती हैं। भावनाओं को तर्कसंगत नाम देने से बच्चे का मस्तिष्क शांत होता है और वे अपनी भावनाओं को बेहतर समझ पाते हैं।

**भावनाओं पर नियंत्रण सिखाएं:** बच्चों को सिखाएं कि भावनाएं अस्थाई हैं। जैसे कोई उससे नाराज या गुस्सा है तो धीरे से समझाएं 'यह गुस्सा थोड़ी देर में गायब हो जाएगा।' यह तरीका बच्चों को भावनाओं को प्रबंधित करने और आत्म-नियंत्रण विकसित करने में मदद करता है। साथ ही बच्चों को उनके शरीर की संवेदनाओं, मानसिक चित्रों, भावनाओं और विचारों को पहचानने में मदद करें। ❁



केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# जब नी-स्किन दिखने लगे डार्क अप्लाई करें ये होम रेमिडीज

अगर ध्यान ना दिया जाए तो घुटनों की त्वचा यानी, नी-स्किन डार्क दिखने लगती है। अगर आप कुछ घरेलू उपाय करेंगी तो आपके घुटनों की रंगत निखर सकती है।

**कॉफी और नारियल तेल:** कांच की कटोरी में 1 चम्मच कॉफी डालें और इसमें करीब आधा चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इस मिश्रण को संतरे के छिलके की मदद से काले घुटनों पर 10 मिनट तक मसाज करें। इसके बाद कॉटन की मदद से इसे साफ कर लें। आप चाहें तो इसे पानी से भी धो सकती हैं। आप इस स्क्रब का इस्तेमाल हफ्ते में 2 से 3 बार कर सकती हैं। इसके नियमित इस्तेमाल से घुटनों का कालापन कम हो जाएगा।

**नीबू और बेकिंग सोडा:** एक कटोरी नीबू के रस में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। फिर कॉटन की मदद से घुटनों पर लगाकर हल्के हाथों से घुटने की मसाज करें। बेहतर परिणाम के लिए इसे आप हफ्ते में दो बार उपयोग कर सकती हैं। इससे घुटने का कालापन कम हो सकता है।



**टूथपेस्ट और कॉफी पावडर:** थोड़ा सा टूथपेस्ट लेकर इसमें थोड़ा सा सोडा पावडर मिलाकर बने मिश्रण में आधा चम्मच कॉफी पावडर मिला लीजिए। अब इसमें कुछ बूंदें टमाटर के रस की मिला लें और अंत में कुछ बूंदें नीबू के रस की भी मिलाकर एक मिश्रण बना लीजिए। इस मिश्रण को घुटनों की काली जगह पर 10 मिनट तक लगाने के बाद घुटनों को हल्के-हल्के रगड़ते हुए ताजे पानी से धो डालिए।

**नारियल तेल और चीनी:** स्क्रब करने के लिए एक कटोरी में 1 चम्मच नारियल तेल में 1 चम्मच चीनी मिलाएं। इस मिश्रण को घुटनों पर हल्के हाथों से 5-10 मिनट तक गोलाकार में मसाज करने के बाद साफ पानी से अच्छी तरह पोंछ लें। मिश्रण में मौजूद नारियल तेल त्वचा को पोषण देता है, जबकि चीनी मृत कोशिकाओं को हटाती है।

**नीबू का रस और शहद :** एक चम्मच नीबू के रस में आधा चम्मच शहद मिलाएं। अब इस मिश्रण को घुटनों पर लगाकर करीब 15 मिनट तक हल्के हाथों से रगड़ें। फिर इसे साफ पानी से धो लें। तीन से चार हफ्तों के अंदर इसका असर दिखने लगेगा। दरअसल, नीबू एक प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट है, जो त्वचा पर जमी मैल को आसानी से कम करता है। वहीं इस पैक में मौजूद शहद त्वचा में नमी बनाए रखता है, ड्रायनेस दूर करता है।

**खीरा और नीबू:** खीरे का रस निकाल लें। अब 3 चम्मच खीरे के रस में आधा चम्मच नीबू का रस मिलाएं। इस पेस्ट को अपने घुटनों पर मालिश करते हुए लगाएं। 15 मिनट बाद पानी से धो लें और त्वचा को मॉयश्चराइज कर लें। खीरा और नीबू त्वचा का कालापन हटाते हैं। ❁

बिगड़ती लाइफस्टाइल और अनहेल्दी डाइट के कारण महिलाओं में बेली फैट एक कॉमन प्रॉब्लम बनती जा रही है। इसे कम करने के लिए आप यहां बताई जा रही कुछ ईजी एक्सरसाइजेस को अपने डेली रूटीन में जरूर शामिल करें।



फिटनेस

काजल गुप्ता
फिटनेस इंस्ट्रक्टर

# बेली फैट होगा कम करें ये 7 एक्सरसाइज

कई महिलाओं में बेली फैट की समस्या अलग-अलग कारणों से जैसे- डिलीवरी के बाद हार्मोनल बदलाव, व्यस्त दिनचर्या और डाइट पर ध्यान न देने के कारण हो सकती है। इसका नेगेटिव इफेक्ट हमारे फिगर के साथ-साथ हेल्थ पर भी पड़ता है। लेकिन डेली एक्सरसाइज से बेली फैट को कम किया जा सकता है।

**दौड़ना:** शरीर को स्वस्थ रखने, शेप में लाने और एक्स्ट्रा फैट गलाने के लिए दौड़ना बेहद जरूरी है, क्योंकि दौड़ने से शरीर का पसीना निकलता है। जिससे बेली फैट को कम करने में मदद मिलती है।

**प्लैंक:** प्लैंक एक्सरसाइज, बेली फैट कम करने की सबसे महत्वपूर्ण एक्सरसाइज मानी जाती है, लेकिन इसे आपको वर्कआउट के सबसे अंत में करना चाहिए तभी इस एक्सरसाइज का ज्यादा फायदा मिलेगा। इसे करने के लिए आपको फर्श पर उल्टा लेटकर कोहनी और पंजो के सहारे शरीर को ऊपर उठाना है। ऐसें में आपके पेट पर बहुत जोर पड़ता है। इसे आप जितनी देर तक रोककर रखेंगी उतना ही इसका फायदा मिलेगा।



**क्रंचेस:** क्रंचेस एक्सरसाइज करने से बेली टोनिंग और लूज स्किन के स्ट्रेचिंग से बेली फैट भी कम हो जाती है। इसके लिए आपको पीठ के बल लेटकर घुटनों को मोड़ना है और हाथों को सिर के पीछे रखकर कमर तक के हिस्से को ऊपर उठाना है। ध्यान रखें कि गर्दन न मुड़े। इसे आप एक सेशन में कम से कम 20 बार जरूर रिपीट करें।

**रस्सी कूदना:** शरीर को एक परफेक्ट शेप देने के लिए रस्सी कूदना एक फायदेमंद एक्सरसाइज है। इससे शरीर का एक्स्ट्रा फैट कम हो जाता है। आपको रोज ज्यादा से ज्यादा रस्सी कूदने की प्रैक्टिस करनी चाहिए।

**साइकिल चलाना:** इसे करने के लिए जमीन पर सीधे लेटकर सिर के नीचे हाथों को रखें फिर बारी-बारी से अपने दोनों पैरों को पेट की ओर मोड़ते हुए साइकिल की तरह चलाएं। इसे कम से कम 15 से 20 बार करें। इससे पेट के साथ थाइज की चर्बी भी तेजी से घटती है। जब आप 20 बार इसे एक सेट में हर दिन करेंगी तो आप देखेंगी कि कैसे आपका बेली सही शेप में आता जाएगा।

**नौकासन:** बेली फैट को कम करने और लोअर पार्ट फिटनेस के लिए नौकासन दमदार आसन माना जाता है। इसमें आपको जमीन पर सीधे लेटकर हाथ को नौका की तरह आगे की साइड रखना होता है और पैरों को उठाकर इसी मुद्रा में कम से कम एक मिनट के लिए होल्ड करके रखना है। इसे तीन बार रिपीट करें। एक चटाई पर पैरों को मोड़कर छाती के पास रखें, फिर दोनों पैरों को ऊपर उठाएं। अब दोनों हाथों को बगल में समानांतर रखें। इस मुद्रा में एक मिनट तक रहें और इसे तीन बार करें।

**बर्पीज:** बर्पीज वर्कआउट में आपको सबसे पहले खड़े होकर स्क्वेट करना होता है और फिर पुशअप करके इसी क्रम में बार-बार एक्सरसाइज करनी होती है। इससे बहुत जल्दी शरीर का वजन कम और खासकर बेली फैट कम हो जाता है। इसे भी तीन सेट में करें तो अधिक फायदा होगा। ❁

प्रस्तुतिः निधि गोयल

## खबर संक्षेप

### मेडिकल जांच शिविर और सत्संग समारोह आयोजित

**फतेहाबाद।** मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा महात्मा पवित्रा बाई और महात्मा निर्मला बाई के सानिध्य में सतपाल महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मेडिकल जांच शिविर और सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। मिनी बाईपास रोड हंस कॉलोनी में स्थित हंस सत्संग भवन में आयोजित मेडिकल जांच शिविर में सद्भावना अस्पताल के डॉ. अंशुल सहगल और हड्डी रोग विशेषज्ञ की टीम ने मरीजों का चेकअप किया और दवाएं भी प्रदान की गई। इस दौरान डॉक्टरों की टीम को सम्मानित किया गया।

### शिविर में 229 मरीजों की हुई नेत्र जांच

**सिरसा।** श्री हनुमंत चैरिटेबल अस्पताल में आंखों की जांच व ऑप्रेशन का 272वां निशुल्क शिविर लगाया गया। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित शिविर का शुभारम्भ रामहंस चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अमीर चावला ने किया। अमीर चावला ने अस्पताल द्वारा संचालित दंत चिकित्सा विभाग, रक्त जांच विभाग, दवा व अन्य विभागों का अवलोकन किया और फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की भूरि भूरि प्रशंसा की।

### प्रथम नवरात्रि पर शुरू होगा सामुदायिक रेडियो

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने बताया कि प्राचीन परंपरा के अनुसारनव रात्र के पहले दिन सामुदायिक रेडियो 90.4 का शुभारंभ किया जाएगा। इसको लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अवतार सिंह को मुख्य संरक्षक, राजीव सचदेवा को संरक्षक, अशोक वर्मा को उपप्रधान, भगवान दास सेठी को महासचिव तथा सतवीर सिंह धमीजा, मीत बठला, सतनाम सिंह धनुर, दिनेश शर्मा को कार्यकारिणी में लिया गया। मास कम्युनिकेशन विभाग के अध्यक्ष सेवा सिंह बाजवा ने बताया कि लगभग तकनीकी तौर पर सारा सामान ही नया लगाया गया है।

### वांछित अफीम सप्लायर को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** थाना शहर ने वांछित नशा सप्लायर मानसा निवासी आरोपी बिसंबर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रबंधक अधिकारी ने बताया कि उक्त आरोपी के खिलाफ 2 किलो अफीम तस्करी का अभियोग दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी वांछित था। उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने आरोप को स्वीकार कर बताया कि उसने कुछ अफीम आरोपी सुधीर वासी शेरघाटी जिला गया को बेची थी।

### पूजा को सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन बनाने पर दी बधाई

**सिरसा।** प्रदेश सरकार ने नगर पार्षद पूजा सैनी व एडवोकेट कपिल सौनी को सीएम विंडो का एमिनेंट पर्सन नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने लड्डु बांटकर खुशी का इजहार किया। लक्कड़ मंडी एसोसिएशन द्वारा विश्वकर्मा धर्म कांटा पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पूर्व पार्षद सुशील सैनी को लड्डूखिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया गया। पूजा सैनी ने अपनी नियुक्ति के लिए हरियाणा सरकार, सीएम नायब सिंह सैनी, प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली सहित पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 4 अक्टूबर को

**सिरसा।** बिश्नोई सभा द्वारा बिश्नोई धर्मशाला में आगामी 4 अक्तूबर को विशाल नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। सभा के उपप्रधान व कैंप प्रभारी कृष्णपाल बेनीवाल ने बताया कि बिश्नोई सभा के प्रधान खेमचंद बेनीवाल की अध्यक्षता में निःशुल्क नेत्र जांच कैंप लगाने संबंधी निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि कैंप में उत्तर भारत के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ व एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के पूर्व नेत्र चिकित्सक डॉ. बलराम जलंधरा मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी।

## सरकार की गलत नीतियों के कारण छोटे व्यापारियों को तंग किया जा रहा: प्रधान

# पैकेजिंग एंड डिस्पोजल एसोसिएशन ने बंद किए प्रतिष्ठान, हड़ताल शुरू

- पैकेजिंग व डिस्पोजल आईटम्स का हवाला देकर 25 से 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा रहा
- दुकानों पर पड़ा सामान जबरदस्ती उठाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



**सिरसा।** सरकार के खिलाफ हड़ताल पर बैठे पैकेजिंग एंड डिस्पोजल एसोसिएशन। फोटो : हरिभूमि

सरकार की व्यापारी विरोधी नीतियों के विरोध में पैकेजिंग एंड डिस्पोजल एसोसिएशन से संबंधित जिलेभर के व्यापारियों ने अपनी तीन दिवसीय हड़ताल के तहत सुभाष चौक पर जिला प्रधान सुमित गुप्ता की अध्यक्षता में धरना शुरू कर दिया है। हड़ताल को प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान हीरालाल शर्मा, शहरी प्रधान कीर्ति गर्ग, करियाणा एसोसिएशन के प्रधान सतीश शर्मा सहित अनेक व्यापारिक संगठनों ने समर्थन दिया।

डिस्पोजल एसोसिएशन के प्रधान सुमित गुप्ता ने बताया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण छोटे व्यापारियों को तंग किया जा रहा है। पैकेजिंग व डिस्पोजल आईटम्स का हवाला देकर 25 से 50 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा रहा है और दुकानों पर पड़ा सामान नगरपरिषद व प्रदूषण विभाग के अधिकारियों द्वारा जबरदस्ती उठाया जा रहा है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष हीरालाल शर्मा ने कहा कि यह कार्रवाई छोटे दुकानदारों पर न करके, जहां फैक्ट्रियों में उत्पादन किया जा रहा है, उस पर रोक लगाई जाए। शर्मा ने कहा कि जो अधिकारी व्यापारियों को नाजायज तंग कर रहे हैं, वो स्वयं भी भ्रष्टाचार के आरोपों में संलिप्त है।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों द्वारा उपरोक्त डिस्पोजल व अन्य सामान सरकार को 18 प्रतिशत जीएसटी भरकर लाया जा रहा है, यहां तक तो ठीक है, लेकिन दुकान पर आने के बाद उसी सामान को वर्जित करार दिया जाता है। करियाना एसोसिएशन के प्रधान सतीश शर्मा ने कहा कि सरकार अपने सरकारी कार्यक्रमों में डिस्पोजल का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रही है, लेकिन आम जनता पर कुठाराघात किया जा रहा है। कारपोरेट हाऊस को सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रयोग करनेकी अनुमति है, जैसे वीटा, कुरकरे, लेज, सरस, वेरका, रिलायंस के उत्पाद जैसे अनेक निजी व सरकारी संस्थाओं पर प्लास्टिक व डिस्पोजल यूज करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

डिस्पोजल एसोसिएशन के प्रधान सुमित गुप्ता ने कहा कि एसोसिएशन से जुड़े व्यापारी तीन दिनों तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। अगर इसके बाद भी सरकार ने हमारी समस्या का हल नहीं किया तो व्यापार मंडल से मिलकर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर वेदभूषण गर्ग, बिशंबर शर्मा, नरेश फुटेला, मोनू फडिया, सतपाल फुटेला, सुभाष फडिया, उमंग मेहता, पवन अरोड़ा, बलदेव वधवा, समीर वधवा, सुरेश जोसन, कर्ण मेहता, राहुल खट्टर, सौरव अरोड़ा, ओमप्रकाश गोस्वामी, अविनाश कंबोज, आशु गुंबर, सतपाल, जॉनी, रानियां से राजकुमार, सुरेंद्र, सतीश कुमार, नंदलाल, राजू, पंकज कांडा, रिंकू, राजेंद्र प्रसाद, राजू सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।

## भट्टू चेयरपर्सन ने सोशल मीडिया पर गिनवाए विकास कार्य, विरोधी सदस्यों को दिया जवाब

- जिले की भट्टू पंचायत समिति की चेयरपर्सन ज्योति लूणा एक बार फिर चर्चा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले की भट्टू पंचायत समिति की चेयरपर्सन ज्योति लूणा एक बार फिर चर्चा में है। भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दुड़ाराम का साथ छोड़ने वाली ज्योति लूणा पर पंचायत समिति के विरोधी गुट के सदस्य विकास कार्यों में भेदभाव के आरोप लगाते हुए उनकी कुर्सी गिराने की लगातार कोशिश में रहते हैं। इसी बीच चेयरपर्सन ने अब फेसबुक पर अब तक करवाए गए विकास कार्यों की लिस्ट डाली है। साथ ही लिखा है कि कुछ मेंबर को हजम नहीं हो रहा है कि अनुसूचित जाति की महिला चेयरपर्सन ने इतने काम धरातल पर करवा दिए हैं।

बता दें कि ज्योति लूणा वर्ष 2022 में भट्टू पंचायत समिति के वार्ड नंबर 14 से जीतकर मेंबर बनीं थी। बाद में उन्हें फतेहाबाद से तत्कालीन भाजपा विधायक दुड़ाराम के सहयोग से पंचायत समिति का चेयरपर्सन और बंसीलाल को वाइस चेयरमैन बनाया गया था। मगर अक्टूबर 2024 में हुए विधानसभा चुनाव से पहले ज्योति लूणा ने पाला बदल लिया था। ज्योति लूणा दुड़ाराम का साथ छोडक़र कांग्रेस प्रत्याशी बलवान दौलतपुरिया के समर्थन में उतर गई थी।



**फतेहाबाद।** विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया का स्वागत करते चेयरपर्सन ज्योति लूणा। (फाइल फोटो)

## उपायुक्त ने किया लघु सचिवालय के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

### लोगों से मधुर व्यवहार करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ करें निपटारा

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने सोमवार को लघु सचिवालय प्रथम एवं द्वितीय खंड स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए तथा कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त लघु सचिवालय प्रथम खंड स्थित डीआईपीआरओ कार्यालय के मीडिया सेंटर पहुंचकर मीडिया कर्मियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विभागीय कार्यों की प्रगति और जनता को दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में साफ-सफाई और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कार्यालयों में आने वाले नागरिकों से मधुर व्यवहार करने और उनके कार्यों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समयबद्ध और पारदर्शी सेवाएँ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## पेट्रोल पंप से तेल चोरी करने वाले दोनों कर्मचारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। तेल चोरी के आरोपी।

गांव खाराखेडी स्थित पेट्रोल पम्प से तेल चोरी करने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने नामजद दोनों कर्मचारियों को गिरफ्तार कर एक संगठित आर्थिक गबन के मामले का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अशोक पुत्र मांगे राम व संजु पुत्र धोलूराम निवासी भाना आदमपुर, जिला हिसार के रूप में हुई है। दोनों आरोपी शिकायतकर्ता के पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के पद पर कार्यरत थे। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे 28 जुलाई को राजकुमार पुत्र भरथा राम निवासी गांव हिसार वर्तमान साकेत कॉलोनी, राजगढ़ रोड, हिसार ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका पेट्रोल पंप मै. राजकुमार सलेमगढ़ फीलिंग स्टेशन, गांव खारा खेड़ी में स्थित है। शिकायत में बताया गया कि उक्त दोनों कर्मचारी कई महीनों से पेट्रोल-डीजल की लगभग 180-190 लीटर की चोरी कर चुके हैं।

## सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

- खिलाड़ियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना और पंजीकरण प्रक्रिया को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना



राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने सांसद खेल महोत्सव के तहत सिरसा लोकसभा क्षेत्र में करवाए जाने वाले खेलों की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक में विस्तार से चर्चा की और तैयारियों बारे जानकारी ली। बैठक में महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा, प्रतियोगिताओं के आयोजन की योजना, खिलाड़ियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने और पंजीकरण प्रक्रिया को लेकर गहन चर्चा की गई।

सांसद सुभाष बराला ने कहा कि यह महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया, विकसित भारत संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। खेलों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र के खिलाड़ी इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी प्रतिभा को निखारेंगे और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। सांसद ने बताया कि महोत्सव में कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती, एथलेटिक्स, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, खो-खो, बास्केटबॉल सहित कई खेलों का आयोजन किया जाएगा।

**प्रतियोगिता** अपेक्स स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में जिलेभर के खिलाड़ियों ने लिया भाग

## जिला स्तरीय ऑफ आइस बैंडी स्पर्धा में टोहाना ने जीती ओवरऑल ट्राफी

11 व 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिनिधित्व

- मुख्यातिथियों ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों से परिचय कर उनका मनोबल बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** जिला स्तरीय आइस बैंडी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

अपेक्स स्कूल स्थित रॉयल स्केटिंग ग्राऊंड में चौथी जिला स्तरीय ऑफ आइस बैंडी प्रतियोगिता यानि आइस हॉकी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिलेभर के खिलाडिय़ों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा बैंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष जयभगवान, प्रमुख समाजसेवी बंसीलाल लाल व विश्वास नवशारदा स्कूल भूना से सौरभ ने भाग लिया। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों से परिचय कर उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा बैंडी संघ के अध्यक्ष जयभगवान ने किया और खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने की अपील की। प्रतियोगिता का संचालन प्रमुख स्केटिंग कोच कृष्ण कौशिक, विशु कुमार, विकास व तेजपाल द्वारा किया गया।

यह जानकारी देते हुए हरियाणा बैंडी संघ के महासचिव प्रमोद कौशिक ने बताया कि बैंडी खेल फुटबॉल व हॉकी की तर्ज पर बर्फ पर खेला जाता है। यह खेल यूरोपीयन देशों का पसंदीदा खेल है साथ ही विंटर ओलंपिक खेलों का हिस्सा है।

यह खेल रशिया का नेशनल खेल है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय ऑफ आइस बैंडी प्रतियोगिता टोहाना के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरआल चैम्पियन का खिताब जीता। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता खिलाड़ी अब चौथी राज्य स्तरीय बैंडी प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 11 व 12 अक्टूबर को गुरूग्राम के एम्बियंस मॉल में आयोजित की जाएगी। उन्होंने जिला के विभिन्न ब्लाकों से टीमों के साथ पहुंचे कोच का भी स्वागत किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विकास खान टोहाना, विशु भूना, विकास व आदित्य शर्मा फतेहाबाद, कृष्ण कुमार भट्टू सहित अनेक कोच मौजूद रहे।

### स्नेहा ने शूटिंग में जीता गोल्ड

**सिरसा।** जिले की डबवाली निवासी स्नेहा ने चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी में आयोजित गन शूटिंग टूर्नामेंट में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने एयर पिस्टल इवेंट अंडर-19 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल सिरसा की 17 वर्षीय छात्रा स्नेहा के लिए यह नौवां पदक है। वह आईपीएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती है। स्नेहा की उपलब्धियों का सिलसिला लंबा है। नवंबर 2023 में उन्होंने पंचकूला के हालमार्क पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई नेशनल एयर पिस्टल इवेंट में कांस्य पदक जीता था। अक्टूबर 2023 में सीबीएसई नॉर्थ जोन निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया था। जून 2023 में स्नेहा और उनकी बहन मोहिनी ने दिल्ली में आयोजित हरियाणा इंटर स्कूल चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते। इससे पहले स्नेहा ने रांची में आयोजित सीबीएसई की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया।

## न्यूज डायरी

### सीएम विंडो के नए एमिनेंट पर्सन का किया अभिनंदन



**फतेहाबाद।** प्रदेश की बीजेपी सरकार द्वारा जन समस्याओं के निवारण हेतू बनाए गए सीएम विंडो के लिए फतेहाबाद जिले की तीनों विधानसभाओं में एमिनेंट पर्सन की नई नियुक्तियां की गई हैं। बीजेपी जिला कार्यालय में तीनों विधानसभाओं के नवनियुक्त सीएम विंडो एमिनेंट सिटीजन का स्वागत एवं सम्मान किया। बीजेपी जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, पूर्व विधायक दूड़ाराम, जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य ने फतेहाबाद विधानसभा के सीएम विंडो एमिनेंट सिटीजन मुलखराज चावला, सतीश गोयल, सतबीर मेहूवाला, विजय जांगड़ा व गीता कसवां, रतिया विधानसभा से सीएम विंडो एमिनेंट सिटीजन लक्ष्मणदास, अंजू, धनंजय अग्रवाल आदि का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया।

### किशोर परामर्श सम्मेलन का आयोजन

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सोमवार को स्थानीय एडीआर भवन के बैठक कक्ष में नई दिशा, नई उड़ान योजना के अंतर्गत किशोर परामर्श सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला, पीएमजेजेबी सोनिया सिरसा व डबवाली के डीएसपी, विशेष किशोर इकाई, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी सिरसा, डीसीपीओ सिरसा, पैनल अधिवक्ता, एलएडीसी सिरसा और रोटरी क्लब के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ. रविंदर पुरी ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बाल मनोविज्ञान, एडीएचडी, ओडीडी और जटिल व्यवहार संबंधी समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हालात चाहे जैसे भी हों, बच्चों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

### भक्ति में लगाएं समय: पंडित सुगन



**सिरसा।** स्थानीय प्रभात पैलेस में आयोजित पितृ पक्ष में पितरों कि शांति एवं विश्व कल्याण हेतु श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित सुगन शर्मा ने भगवान के सभी अवतारों भगत प्रहलाद, भगवान के नर सिंह अवतार कि कथा सुनाई। पंडित सुगन शर्मा ने श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए कहा कि भक्ति किसी भी उम्र में सफल हो सकती है, जो बाल्य काल में ही भगवान का भजन करता है उसे इसी जन्म में भगवान मिलते हैं। जो जवानी में भजन करता है उसका बुढ़ापा सुधर जाता है और जो बुढ़ापे में भगवान का भजन करता है उसका अगला जन्म सुधर जाता है। कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य को आज भगवान की प्राप्ति के लिए जंगलों व पर्वतों पर जाने की आवश्यकता नहीं है। मानव गृहस्थी का पालन करते हुए भी अपनी मंजिल पा सकता है।

### 17 को देशभर में लगाएंगे रक्तदान शिविर: डागा



**सिरसा।** तेरापंथ युवक परिषद, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के सहयोग से देशभर में मानवता के कल्याण के लिए आगामी 17 सितंबर को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी, जिसमें साढ़े तीन लाख से अधिक यूनिट एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। विश्व के इतिहास में पहली बार हो रहा है, जब 68 देशों में एक साथ रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। अनेक संस्थाएं भी इस अभियान में सहयोग कर रही है। अहम बात यह है कि आगामी 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है और वर्चुअली तौर पर वे इस मेगा रक्तदान शिविर का शुभारंभ करेंगे। इस अभियान के हरियाणा संयोजक देवेंद्र डागा ने बताया कि जिले के पांच स्थानों जैन धर्मशाला, शिव शक्ति ब्लड बैंक, आचार्य चैरिटेबल ट्रस्ट, डबवाली व खैरेंका में से शिविर लगाए जाएंगे।

### फर्जी विवाह के नाम पर ठगी में महिला आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** फर्जी विवाह के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफॉश करते हुए पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने जिलावासियों को सचेत करते हुए कहा कि हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों में ऐसे संगठित गिरोह सक्रिय हैं, जो अविवाहित पुरुषों और उनके परिजनों को भावनात्मक रूप से भ्रमित कर आर्थिक शोषण कर रहे हैं। हाल ही में रतिया में सामने आए एक मामले ने इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों की पुष्टि की है। बता दें कि कृष्णा देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह निवासी गांव डाया, जिला हिसार अपने 28 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार के लिए विवाह संबंध खोज रही थीं। इस दौरान उनकी मुलाकात जितेन्द्र निवासीः गांव फूली, थाना तोशाम, भिवानी से हुई, जिसने 70 हजार में विवाह तय करवाने और वधू घर भेजने का आश्वासन दिया। भरोसे में आकर पीड़िता ने 40 हजार की राशि मलकीत सिंह उर्फ माखा के बैंक खाते में ट्रांसफर की।

### बाढ़ प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग



**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी ने सोमवार को ज्ञापन सौंपकर सिरसा जिले में बाढ़ व बरसात से किसानों की फसलों, घरों व मवेशियों के रूप में हुए नुकसान की भरपाई के लिए उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की गई। प्रशासनिक अधिकारी डीआरओ को सौंपे गए ज्ञापन में जेजेपी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, राधेश्याम शर्मा, हरिसिंह भारी, अमर सिंह ज्याणी, रोहित गनेरीवाला, योगेश मोदी एडवोकेट, विजय बंसल एडवोकेट, अनिल कासनिया, अमन गिल, दीपक भाटिया, हनुमान कासनिया, धर्मवीर सहारण, हवा सिंह, कादिर खान, अंकित सचदेवा व कुलदीप जांगू आदि पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले दिनों सिरसा जिले में अत्याधिक बरसात व बाढ़ के कारण जिले के विभिन्न गांवों के किसानों को फसल, मकानों, मवेशियों व कृषि संयंत्रों आदि को खासा आर्थिक नुकसान पहुंचा है।

### राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए ट्रायल आज

**सिरसा।** राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 में कराटे खेल को भी इस बार शामिल किया गया है। इसके लिए जिला स्तर पर ट्रायल का आयोजन 16 सितंबर को शहीद भगत सिंह स्टेडियम, सिरसा में किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी जगदीप ने बताया कि ट्रायल में कराटे खेल की विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएं होंगी। लडक़ों के लिए कुमते इंडिविजुअल प्रतियोगिता 60 किग्रा, 67 किग्रा, 75 किग्रा, 84 किग्रा व 84+ किग्रा भार वर्ग में होगी। इसके अलावा टीम कुमते (5+3), काता इंडिविजुअल (केवल एक खिलाड़ी) और टीम काता (3+2) इवेंट भी आयोजित किए जाएंगे। वहीं, लड़कियों के लिए कुमते इंडिविजुअल 50 किग्रा, 55 किग्रा, 61 किग्रा, 68 किग्रा और 68+ किग्रा भार वर्ग में प्रतियोगिता होगी। इनके अतिरिक्त टीम कुमते (3+2), काता इंडिविजुअल (केवल एक खिलाड़ी) तथा टीम काता (3+2) इवेंट आयोजित किए जाएंगे।

### 18 सदस्यों ने रोटरी क्लब की सदस्यता की ग्रहण




**फतेहाबाद।** रोटरी क्लब फतेहाबाद टाऊन की इंस्टालेशन सेरेमनी संपन्न हुई। मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक 3090 के गवर्नर भूपेश मेहता ने गुलशन अरोड़ा को कॉलर पहनाकर प्रधान पद का दायित्व संभलवाया। हरीश झांब को सचिव व अमन जिंदल ने कोषाध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण किया। पहली बार रिकार्ड 18 नए सदस्यों रोटरी क्लब फतेहाबाद टाऊन की सदस्यता ग्रहण की। रोटरी गवर्नर भूपेश मेहता ने डॉ. योगेन्द्र चौधरी, डॉ. अंशुल सहगल, डॉ. विनोद शर्मा, अनुप धुड़िया, संदीप रहेजा, दीपक तायल, हेमंत तनेजा, संदीप जिंदल रिंकू, संजय तनेजा, डॉ. राकेश बजाज, स्पेश कथूरिया सीए, डॉ. मुकेश शील, हेमंत मुखी, साहिल चौधरी, विवेक अग्रवाल, मोहित चौधरी, डा. वरूण अरोड़ा, डा. राजेश गेरा को लेपल पिन लगाकर सदस्यता ग्रहण करवाई।

### सेवा पखवाड़ा और स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 से

**टोहाना।** सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सेवा और स्वच्छता की भावना जागृत करने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण के अन्तर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा और स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतो में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान स्वच्छता, विकास और जनकल्याण से जुड़ी अनेक गतिविधियां आयोजित होंगी। एसडीएम ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गांवों में गली, सडक़ों और नालियों की विशेष सफाई, स्वागत द्वार/वेलकम गेट्स की मरम्मत और नवीनीकरण अभियान चलाया जाएगा। 17 से 24 सितम्बर तक योग-व्यायामशालाओं, ग्राम सचिवालयों व तालाबों की सफाई होगी, वहीं 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संत-महापुरुषों और शहीदों के नाम पर बने भवनों की सफाई और सफेदी की जाएगी।

### अग्रसेन कॉलोनी में कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा



**सिरसा।** स्थानीय अग्रसेन कॉलोनी में स्थित श्री हनुमान मंदिर के प्रचार सचिव तेज प्रकाश गुप्ता ने बताया कि सोमवार से आगामी 21 सितंबर तक श्री राधाकृष्णा महिला संकीर्तन मंडल द्वारा श्रीमद्भागवत कथा की जाएगी। कथा से पूर्व मंदिर ट्रस्ट के प्रधान कुलदीप मित्तल व संरक्षक केके शर्मा की अध्यक्षता में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित लोकेश शर्मा व पंडित सुनील शर्मा ने विधिविधान से कलश यात्रा को रवाना किया। कलश यात्रा कथास्थल से शुरू होकर कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कर वापस मंदिर परिसर में पहुंची। अनेक स्थानों पर कलश यात्रा का फूलों से स्वागत किया गया।

## खबर संक्षेप




फतेहाबाद। कार्यशाला में भाग लेते अध्यापक।

### मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस पर कार्यशाला आयोजित

**फतेहाबाद।** पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल में सीबीएसई द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य एवं वेलनेस को बढ़ावा देना रहा, जिसमें कुल 61 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में जपनीत कौर, प्रधानाचार्य महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, सिरसा एवं प्रियंका, उप-प्रधानाचार्य द विजडम स्कूल, सिरसा ने शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव तथा सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण पर मार्गदर्शन दिया।

### खरीफ खरीद को लेकर समीक्षा बैठक 16 को

**फतेहाबाद।** आगामी खरीफ खरीद सीजन 2025-26 जल्द शुरू होने वाला है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में आगामी खरीफ खरीद सीजन के प्रबंधों की समीक्षा के लिए 16 सितंबर को बाद दोपहर 3.30 बजे एक बैठक निर्धारित की गई है। जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक विनीत जैन ने बताया कि यह बैठक लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी।

### ढाणी बिलासपुर द्वारा रामलीला का शुभारम्भ

**रतिया।** ढाणी बिलासपुर में युवा रामलीला नाटक क्लब की ओर से हर साल की तरह इस बार भी रामलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। क्लब सदस्यों ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी रामलीला का शुभारंभ 14 सितंबर से किया गया है। इस कार्यक्रम में कांग्रेस की महिला जिला अध्यक्ष परमजीत कौर ग्रौहा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

### बाढ़ पीड़ितों के मदद के लिए चलाई मुहिम

**फतेहाबाद।** पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की सहायता को लेकर गुरुद्वारा सिंह सभा द्वारा मुहिम चलाई गई है। इसको लेकर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पहल करते हुए अपनी कमेटी के सदस्यों को इस पुण्य कार्य में अपना हिस्सा डालने की प्रेरणा दी।

### घरेलू हिंसा के प्रति किया जागरूक

**टोहाना।** महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर मनीषा रानी द्वारा ब्लॉक जाखल के गांव रत्थाथेह में महिलाओं को उचित पोषण एवं घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक किया गया। विभाग द्वारा 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक 8वां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। सुपरवाइजर मनीषा रानी ने बताया कि गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों से मिलने वाले राशन का नियमित सेवन करना चाहिए।

### डोडा पोस्त सहित कार सवार युवक काबू

**रतिया।** नशा एवं अपराध मुक्त अभियान के तहत सीआईए रतिया पुलिस ने एक आदतन नशा तस्कर को भारी मात्रा में 36 किलो 960 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त सफेद रंग की अल्टो कार भी बरामद की गई है। सीआईए रतिया प्रभारी इंस्पेक्टर रिछपाल सिंह ने बताया कि पुलिस टीम खारा खेड़ी क्षेत्र में गश्त पर थी, तभी एक गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर अल्टो कार में एनएच-9, खारा खेड़ी के पास मौजूद है। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी और सुखविंद्र सिंह उर्फ सुखा पुत्र जसवंत सिंह निवासी गुरुनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद को मौके से काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी की कार से भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद हुआ। बरामद नशीला पदार्थ और वाहन को जब्त कर थाना सदर फतेहाबाद में एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### आरोपियों की गिरफ्तारी को मांग को लेकर प्रदर्शन किया

# सन्नी हत्याकांड के विरोध में ग्रामीणों ने कब्जाई सड़क

**कालांवाली-रोड़ी रोड पर बैठे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कालांवाली

जिले के गांव तिलोकेवाला कैंचियों पर एक चिकन कार्नर चलाने वाले रमेश सिंह के बेटे सन्नी की कुछ हमलावरों द्वारा तेजधार हथियारों से हमला कर हत्या करने के विरोध में सोमवार को ग्रामीणों ने गांव तिलोकेवाला के पास कालांवाली-रोड़ी रोड पर जाम लगाकर धरना दिया और सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग रखी।

वहीं कालांवाली डीएसपी संदीप धनखड़, थाना प्रभारी सहित सीआईए इंचार्ज सुरेश कुमार ने टीम के साथ पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया और जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार करके सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। डीएसपी संदीप धनखड़ ने बताया कि घटना के तुरंत बाद से पुलिस लगातार अपनी कार्रवाई कर रही है। मृतक के परिजनों की ओर से चार आरोपियों के नाम दिए गए थे। जिनमें से दो आरोपियों को तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया था। बाकी आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं सोमवार सायं मृतक सन्नी का शव पोस्टमार्टम उपरांत गांव में पहुंचा जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पुलिस तैनात रही।

ग्रामीणों दीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, सतपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, गगनदीप सिंह, हरमन सिंह, हैप्पी सिंह, मनी, युवराज व अन्यों ने बताया कि गांव तिलोकेवाला के पास स्थित कैंचियों पर गुरमेश चिकन कार्नर चलाता है। उसका बेटा सन्नी पढ़ाई के साथ अपने पिता के काम में हाथ बंटवाने आता था।

बीते दिवस उसके पिता रमेश से किसी युवक ने चिट्टे के लिए पन्नी मांगी थी। जिस पर रमेश ने पन्नी देने से इंकार कर दिया था। जिसको लेकर किसी युवक के साथ विवाद हुआ था। इसी रंजिश को लेकर वह रविवार सुबह को भी कुछ युवक साथ लेकर झगड़ा करने आया था और रमेश के साथ मारपीट भी की थी।



सिरसा। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना लगाकर बैठे ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

**तेजधार हथियार से हमला**

इसी विवाद को लेकर देर शाम को तीन-चार कार सवार युवक आए और बाप-बेटे पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले के बाद सन्नी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायल रमेश को कालांवाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए सिरसा के सामान्य अस्पताल में रैफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### नागरिक अस्पताल में रेनोवेशन का काम जांचने पहुंची टीम

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के सिविल अस्पताल में करोड़ों की लागत से हो रहे रेनोवेशन का काम जांचने के लिए रोहतक से एक टीम ने यहां का दौरा किया। टीम में शामिल सदस्यों ने अस्पताल में बने अलग-अलग वार्डों से लेकर मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। दवाओं के स्टोर की भी जानकारी ली। टीम अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजेगी। तीन सदस्यीय टीम के सदस्यों ने सफाई व्यवस्था से लेकर वार्डों में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान जो छोटी-छोटी खामियां मिली उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। बायो मेडिकल वेस्ट के निपटान की प्रक्रिया भी टीम ने जांची। टीम सदस्यों ने पहले अस्पताल में बने स्त्री रोग विभाग, ब्लड बैंक, लैब, आपातकालीन विभाग, अस्पताल के वार्डों, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम, गायनी वार्ड का दौरा किया। कायाकल्प की टीम ने अस्पताल के वार्ड में इलाज करवा रहे मरीजों से मिलने वाली सुविधाओं को लेकर भी बातचीत की। टीम ने लेबर रूम में वार्ड का निरीक्षण किया और दाखिल महिलाओं से मिलने वाली डाइट के बारे में जानकारी ली। एसएमओ डॉ.बुधराम ने बताया कि हर साल हेल्थ विभाग की टीम अस्पताल में दी जाने वाली हेल्थ सुविधाओं की जांच कर रेटिंग देती है। इसके बाद अस्पतालों में कायाकल्प करने के लिए बजट दिया जाएगा।

### 23 को शिक्षामंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे

# शिक्षकों पर टेट लागू करने का करेंगे विरोध : मित्ताथल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद



फतेहाबाद। राजपाल मित्ताथल।

शिक्षकों पर अध्यापक पात्रता परीक्षा यानि टेट लागू करने का हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने कड़ा विरोध जताया है। इसको लेकर अध्यापक संघ द्वारा आंदोलन की घोषणा की गई है जिसके तहत 23 सितम्बर को शिक्षामंत्री के पानी स्थित कैम्प कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी अध्यापक संघ के जिला प्रधान रामपाल मित्ताथल ने दी। उनका कहना है कि इस प्रदर्शन में फतेहाबाद जिले से भी सैंकड़ों शिक्षक भाग लेंगे जिसको लेकर अध्यापक संघ ने तैयारियां तेज कर दी गई है।

संघ के जिला प्रधान राजपाल मित्ताथल, जिला सचिव देसराज माचरा, राज्य ऑडिटर सुरजीत दुसाद, उप महासचिव कृष्ण नैन व राज्य सचिव पूनम रानी ने संयुक्त ब्यान जारी कर बताया कि आंदोलन को लेकर गत दिवस रोहतक में राज्य कार्यकारिणी की बैठक हुई थी, जिसमें 15 जिलों और 25 राज्य कमेटी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि अध्यापक संघ द्वारा अगले सप्ताह ब्लॉक स्तर पर पूरे प्रदेश में कन्वेंशन आयोजित की जाएगी वहीं 23 सितंबर को पानीपत स्थित शिक्षा मंत्री के कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन का नोटिस दिया जाएगा। 5 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर राज्य स्तरीय कन्वेंशन करेंगे और अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में जिला स्तर पर प्रदर्शन करेंगे।

**एसएमसी को मर्ज न किया जाए**

संघ की मांग है कि एसएमसी को मर्ज न किया जाए। ग्रांट खर्च करने की पुनः हिदायत जारी हों। टेट लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता खत्म की जाए। शिक्षा बजट में वृद्धि कर जीडीपी का 6 प्रतिशत तथा राज्य बजट का 30 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया जाए। सभी अतिथि, कंप्यूटर, वोकेशनल, आरोही और एचकेआरएन अध्यापकों को दो साल की सेवा के आधार पर नियमित करने की नीति बनाई जाए। एक जनवरी 2026 से नया वेतन आयोग गठित करने, अंतरिम राहत देने और भत्तों में बढ़ोतरी की जाए।

**सांसद कुमारी सैलजा ने किया गांवों का दौरा**

# मुआवजे के नाम पर किसानों के साथ मजाक कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

सांसद कुमारी सैलजा ने सोमवार को सोमवार को ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों और हिसार घग्गर मल्टीपरपज ड्रैन के जलभराव का निरीक्षण किया और किसानों की समस्याएं सुनी। इस दौरान सैलजा ने कहा कि मुआवजे के नाम पर प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ मजाक कर रही है, स्वयं किसान हितैषी होने का दावा करने वाली भाजपा सरकार को पता होना चाहिए कि फसलों का लागत मूल्य क्या होता है और किसान को किस परेशानी से गुजरना होता है। सरकार को नरमा और कपास पर कम से कम 60-75 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देना चाहिए, 15 हजार रुपये प्रति एकड़ की घोषणा कर सरकार किसानों के जख्मों पर नमक छिड़क रही है। इस मौके पर ऐलनाबाद विधायक भरत सिंह बैनीवाल, कांग्रेस की जिला प्रधान संतोष बैनीवाल, वीरभान मेहता, संदीप नेहरा एडवोकेट, राजेश चाडीवाल, पूर्व जिला प्रधान मलकीत सिंह खोसा, मलकीत सिंह रंधावा, राम सिंह सोलंकी चेयरमैन नगर पालिका ऐलनाबाद, सतपाल मेहता, लादूराम पूनिया, जग्गा सिंह बराड़ डबवाली दुर्गा सिंह पूर्व सरपंच औटू और भोला सिंह मल्लेकां आदि मौजूद थे।

सांसद कुमारी सैलजा गांव गुडियाखेड़ा पहुंचकर घग्गर ड्रेन के टूटने से खेतों में हुए जलभराव का निरीक्षण किया। खेत तालाब में तब्दील हो गए हैं और तैयार खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं।



सिरसा। दौरे के दौरान किसानों से बातचीत करती सांसद सैलजा। *फोटो: हरिभूमि*

# बारिश से हुए जलभराव और क्षतिग्रस्त सडक़ों की रिपोर्ट करें तैयार : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने सोमवार को पंचायत, राजस्व, सिंचाई और लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ एक समन्वय बैठक की। उन्होंने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जहां फसलों में बारिश से जलभराव हुआ है, वहां से पूरी डिटेल एकत्रित करें और सिंचाई विभाग के साथ तालमेल कर उसकी निकासी सुनिश्चित करवाएं। उपायुक्त ने कहा कि बारिश से जहां-जहां सडक़ें क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनकी भी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किस विभाग की सडक़ क्षतिग्रस्त हुई है और समय पर उसकी मरम्मत हो सके। साथ ही, उन्होंने सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों के गांवों में जलभराव वाले स्थानों पर फोगिंग करवाना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक के दौरान सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अभियान के तहत जिन विभागों को जिम्मेदारी दी गई है, वे अपने क्षेत्रों में इस अभियान को सफल बनाने में पूरी जिम्मेदारी निभाएं। इसके अलावा उपायुक्त ने सांसद खेल महोत्सव में अधिक से अधिक खिलाडिय़ों को पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि इस खेल महोत्सव में खिलाडिय़ों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 सितंबर निर्धारित की गई है।



फतेहाबाद। अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।



फतेहाबाद। बीएड प्रथम वर्ष में अव्वल रही छात्राएं।

### शहीद बाबा दीप सिंह महाविद्यालय में बीएड का परिणाम शानदार

**फतेहाबाद।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा बी.एड. प्रथम वर्ष का परिणाम घोषित कर दिया गया है। शहीद बाबा दीप सिंह शिक्षण महाविद्यालय, अहरवां का बी.एड. प्रथम वर्ष का परिणाम शानदार रहा। परिणाम के अनुसार रूची शर्मा ने 507 अंक प्राप्त कर 72.43 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कोमल ने 502 अंक लेकर 71.71 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि भारती ने 497 अंक प्राप्त कर 71 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के पचास से अधिक विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. ममता चौधरी ने इन प्रतिभाशाली छात्राओं को सराहा।

## परेड में पुलिस कर्मियों ने किया अनुशासन व आत्मबल प्रदर्शन



फतेहाबाद। परेड का निरीक्षण करते एसपी सिद्धांत जैन। *फोटो : हरिभूमि*

**फतेहाबाद।** सेवा, सुरक्षा और सहयोग के मूल मंत्र को सार्थक करते हुए सोमवार को पुलिस लाइन, फतेहाबाद में पुलिस परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के पुलिस बल ने अनुशासन, आत्मबल और सजगता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों की तत्परता, शारीरिक दक्षता एवं अनुशासन की सराहना की। निरीक्षण उपरांत एसपी जैन ने कहा कि एक सतर्क प्रहरी का मन और शरीर, दोनों सशक्त होने चाहिए। पुलिसिंग केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि यह सेवा-भावना और समर्पण से परिपूर्ण एक जीवनशैली है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निरंतर अभ्यास, ऊर्जावान मनोबल तथा नैतिक प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। परेड के उपरांत एसपी ने ईआरवी, राइडर यूनिट तथा पीसीआर की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन को त्वरित, प्रभावी और संवेदनशील सेवा देना ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव, 17 को अग्रवाल धर्मशाला में




फतेहाबाद। मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव बारे जानकारी देते संस्था सदस्य।

**फतेहाबाद।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा तेरापंथ युवक परिषद व अन्य सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से 75 देशों में मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव चलाया जा रहा है 17 सितंबर को विश्व स्तरीय सेवा का यह अभियान चलाया जाएगा। तेरापंथी युवक परिषद फतेहाबाद व अग्रवाल समाज दोनों संस्थाएं मिलकर अग्रवाल धर्मशाला में 17 सितम्बर सुबह 9 बजे से लेकर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है। इसको लेकर आज दोनों संस्थाओं के पदाधिकारी डीसी डॉ. विवेक भारती व एसपी सिद्धांत जैन से मिले और रक्तदान शिविर के बारे मे जानकारी दी। संजय जैन ने बताया कि इस अवसर पर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष भारत भूषण, मंत्री राजेश जैन, पूर्व अध्यक्ष राजेश काका, तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष लोकेश जैन व अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनोज, सचिव ललित गोयल, सह सचिव पीतांबर सिंगला, उप सचिव सुशील गोयल भी मौजूद रहे।

### हरियाणा सिविल पैंशनर्ज की मासिक बैठक सम्पन्न

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में बाल भवन फतेहाबाद में सम्पन्न हुई। सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि बैठक में सदस्यों उपप्रधान वीना भ्याना, राजेन्द्र ललित, बनारसी दास मोंगा, मनफूल सिंह, ईश्वर देवी सेठी, मनीराम रिटायर्ड एसडीओ, टेकचंद विनायक, एसएल ठकराल सहित अन्य सदस्यों ने अपने विचार रखे तथा सभी ने सरकार द्वारा मांगे 65, 70, 75 वर्ष की आयु में पैंशनर्ज को पेंशन में 5, 10 व 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी करना, चश्मों तथा दांतों के रेटों में बढ़ोतरी करना, 60 वर्ष से ऊपर की आयु वाले पैंशनर्ज को रेल किराये में 50 प्रतिशत की छूट देना, 18 महीने का बकाया डीए का एरियर देने की मांग की।

## प्रकाशवीर जलंधरा को सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन नियुक्त



रानियां। प्रकाशवीर जलंधरा का सम्मान करते बार एसोसिएशन के सदस्यगण।

**रानियां।** हरियाणा सरकार ने गांव खाजाखेड़ा निवासी अधिवक्ता प्रकाशवीर जलंधरा को सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर नगर पालिका चेयरमैन मनोज सचदेवा, पैक्स चेयरमैन सुभाष कंबोज सहित बार एसोसिएशन के प्रधान सेवा सिंह संधू सहित बार से तमाम सदस्यों ने प्रकाशवीर जलंधरा बधाई देते हुए हार पहनाकर उनका सम्मान किया और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। बार एसोसिएशन रानियां द्वारा तहसील परिसर में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अधिवक्ता प्रकाशवीर को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया गया और शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन अधिवक्ता प्रकाशवीर ने अपनी नियुक्ति के लिए हरियाणा सरकार, सीएम नायब सिंह सैनी, प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का आभार जताया।

**मामला** समाधान शिविर में दी शिकायत, कार्रवाई की मांग

# जलघर के कर्मचारी पर मनमानी व दुर्व्यवहार का आरोप

- अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को तुरंत आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच संवाद को सुदृढ़ करना है, जिससे लोग अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रख सकें और उनका समाधान तेजी से हो सके। एडीसी ने शिविर में अधिकारियों से कहा कि वे सभी शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से समाधान करें। समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान करना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है।




फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते एडीसी अनुराग ढालिया।

**शिविर में इन लोगों ने रखी समस्याएं**

समाधान शिविर में धांगड़ निवासी सुभाष ने डाकिया द्वारा बैंक खाता में पैसे न डालने, मेहूवाला निवासी जय सिंह व सुभाष चंद्र ने वाटर सप्लाई चालू करवाने, बनमंदोरी निवासी राजेश ने ड्रेन के मोगे खुलवाने, सिरढ़ान निवासी सुरेंद्र ने पंचायती जमीन को मेरी फसल मेरा ब्योरा से जुड़वाने, अशोक नगर निवासी सुमन ने पीपीपी में नाम जुड़वाने, गुरूनानक पुरा निवासी कर्ण सिंह ने बेसहारा गरीब आदमी के ईलाज व आर्थिक सहायता दिलवाने, फतेहाबाद निवासी औम प्रकाश ने विकलांगता पेंशन बनवाने, किरण बाला व भोडिया निवासी राम प्रसाद ने पीपीपी में आय कम करवाने, डूल्ट निवासी राम निवास ने बरसात के कारण मकान में हुए नुकसान का मुआवजा दिलवाने, रामरती ने मोगा नंबर 99480 फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी वाक्या मौजा टिब्बी बाराबंदी चलाने, बड़ोपल निवासी महाबीर ने बारिश के कारण मकान गिरने की सूचना एवं रोजनामचे में दर्ज करने, भीमा बस्ती निवासी अशोक कुमार व एमपी रोही निवासी गुरमेज सिंह ने विधुर पेंशन बनवाने, नगल ढाणी निवासी डिंपल ने सडक़ छुड़वाने, भट्टू कलां निवासी संजय कुमार ने जलघर के कर्मचारी सुनील बुढानिया द्वारा मनमानी व अभद्र व्यवहार करने, भट्टू कलां निवासी संतोष प्रकाश ने सरपंच व ग्राम सचिव द्वारा सरकारी कार्यों में लापरवाही करने, एमपी रोही निवासी अजय ने भी समाधान शिविर में शिकायत रखी।

## विदेश भेजने का झांसा देकर ठगी करने वालों से रहे सावधान, एडवाइजरी जारी



एसपी सिद्धांत जैन

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन से अपील की है कि वे विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर की जा रही ठगी से पूरी तरह सतर्क रहें। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में इस तरह के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिनमें भोले-भाले युवाओं को लुभावने ऑफर देकर न केवल आर्थिक रूप से ठगा जा रहा है, बल्कि कुछ मामलों में उन्हें जानलेवा परिस्थितियों में धकेल दिया गया है। एसपी जैन ने बताया कि हाल ही में रूस से सामने आए एक गंभीर मामले में भारतीय युवाओं को नौकरी के झांसे में लेकर अवैध रूप से युद्ध क्षेत्र में भेजा गया। यह घटना न केवल अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है, बल्कि इससे जुड़े परिवारों को गंभीर मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक संकट का भी सामना करना पड़ा है। इस चिंताजनक पृष्ठभूमि में पुलिस द्वारा एक जनहित एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें नागरिकों से कुछ आवश्यक सावधानियां बरतने का आग्रह किया गया है। पुलिस ने कहा है कि किसी भी अज्ञात एजेंट, दलाल या ऑनलाइन विज्ञापन पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। जिस भी एजेंसी से संपर्क किया जाए, उसकी प्रामाणिकता की जांच ज़रूर करें और यह सुनिश्चित करें कि वह भारत सरकार के विदेश मंत्रालय से मान्यता प्राप्त हो।यदि कोई एजेंट बिना लिखित अनुबंध, वैध वीजा अथवा आवश्यक सरकारी अनुमति के विदेश भेजने की बात करता है, तो इसे स्पष्ट रूप से ठगी का संकेत मानें।